कार्यालय निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

कार्यालय का पता–कार्यालय निदेशक प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर
दूरभाष का पता–0151–2226551 ई मेल– **aayukt.ele@gmail.com**

क्रमांक : शिविरा/प्रारं/एसईक्यूआई/शाला सिद्धि/TAF/19568/2019/1623 दिनांकः– 24.08.2020

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी,
स्कूल शिक्षा, समस्त जिले।

विषयः– शिक्षक मूल्यांकन प्रपत्रों की सत्र 2020–21 की ऑनलाइन फीडिंग के क्रम में दिशा–निर्देश।

प्रसंगः– रास्कूशिप/जय/गुणवत्ता/TAF/2020–21/13934 दिनांक 20.08.2020

मानव संसाधन विकास मंत्रालय/शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट सत्र 2020–21 द्वारा शिक्षक मूल्यांकन प्रपत्र **(Teacher Appraisal Format)** के अंतर्गत राजस्थान राज्य में कार्यरत् माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा के समस्त शिक्षकों/संस्था प्रधानों के कार्यों का डाटा तैयार किया जाना है।

इसके अंतर्गत शिक्षकों/संस्था प्रधानों के कार्यों का स्व–मूल्यांकन, शिक्षण के दौरान आने वाली कठिनाइयों, चुनौतियों का आकलन एवं शिक्षक प्रशिक्षणों का डाटाबेस सूचनाएं शाला सिद्धि के अंतर्गत की जानी है। इस शिक्षक मूल्यांकन प्रपत्र (TAF) को समस्त शिक्षकों एवं संस्था–प्रधानों द्वारा भरे जाने हेतु निम्नांकित दिशा–निर्देशों की पालना सुनिश्चित करावें:–

1. राज्य में माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित समस्त राजकीय विद्यालयों (प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/माध्यमिक/उच्च माध्यमिक बालिका सहित) में अध्यापन कराने वाले सभी शिक्षकों एवं संस्था प्रधानों द्वारा प्रपत्र भरना आवश्यक है।
2. शिक्षक मूल्यांकन प्रपत्र शिक्षकों एवं संस्था प्रधानों द्वारा स्टाफ लॉगइन से शाला दर्पण पोर्टल पर व्यक्तिगत जिम्मेदारी के साथ केवल ऑनलाइन भरे जाने हैं।
3. शिक्षक मूल्यांकन प्रपत्र में सत्र की प्रथम छः माही (1 जनवरी से 30 जून 2020 तक) से संबंधित सूचनाओं को 30 सितंबर 2020 तक आवश्यक रुप से ऑनलाइन करें। साथ ही सत्र की द्वितीय छः माही (1 जुलाई से 31 दिसंबर 2020) से संबंधित सूचनाओं को 31 जनवरी 2021 तक समस्त शिक्षकों एवं संस्था प्रधानों द्वारा ऑनलाइन शत प्रतिशत भरा जाना अनिवार्य है।
4. मूल्यांकन प्रपत्र पर टिप्पणी करने हेतु संलग्न परिशिष्ट के अनुसार मनोनीत नियंत्रण अधिकारी अधिकृत होंगे।

www.rajteachers.com

5. आपके जिले में अधीनस्थ जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तरीय अधिकारियों के द्वारा शिक्षक मूल्यांकन प्रपत्र भरवाए जाने हेतु मॉनिटरिंग कार्य संपादित करावें।

राज्य स्तर पर तकनीकी समस्या के समाधान एवं मार्गदर्शन हेतु गुणवत्ता प्रकोष्ठ की ई–मेल आईडी **rajssaquality@gmail.com** तथा दूरभाष नं. 0141–2701596 पर संपर्क किया जावे।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

www.rajteachers.com

(नूतन बाला कपिला)
अतिरिक्त निदेशक(शैक्षिक)
निदेशालय प्रा.शि. राजस्थान
बीकानेर।

क्रमांक : शिविरा/प्रारं/एसईक्यूआई/शाला सिद्धि/TAF/19568/2019/1623 दिनांकः–24.08.2020

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, जयपुर, राजस्थान।
2. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
3. निजी सहायक, निदेशक प्रारम्भिक/माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, राज. बीकानेर
4. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा समस्त संभाग।
5. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा समस्त जिले।
6. जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक/प्रारम्भिक (मुख्यालय) समस्त जिले।
7. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी समस्त ब्लॉक।
8. समस्त पीईईओ
9. कंप्यूटर अनुभाग माध्यमिक/प्रारम्भिक को देकर लेख है कि विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करावें।
10. कार्यालय प्रति।

अतिरिक्त निदेशक(शैक्षिक)
निदेशालय प्रा.शि. राजस्थान
बीकानेर।